हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 बगदई और भर्रीटोला के शिविरों में ग्रामीणों को जाति...





12 पटेल चौक, जीई रोड पर यात्री बसों की अवैध ...






## खबर संक्षेप

### मामूली विवाद पर कर दी हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार



**दल्लीराजहरा/डोंडी।** डौंडी थाना क्षेत्र के चिहरो गांव में मामूली कहासुनी के बाद युवक की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। 22 वर्षीय प्रीतराम गोटा की खून से लथपथ लाश गांव के पास खेत में मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, प्रीतराम 7 जुलाई को किसी के फोन पर गांव से निकला था और रातभर वापस नहीं लौटा। अगली सुबह खोजबीन के दौरान उसका शव मंशाराम मंडावी के खेत में मिला। चेहरे, जबड़े और हाथ पर गंभीर चोटों के निशान थे। जांच में सामने आया कि मामूली विवाद के बाद रीतुराज मरकाम ने पत्थर से उसके चेहरे पर कई बार वार कर हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपी रीतुराज मरकाम 20वर्ष, मनोज बरिहा 20 वर्ष रूपेन्द्र कुमार सलाम 23 वर्ष सभी निवासी चिहरो, थाना डौंडी, जिला बालोद पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर समेत अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए हैं। इस कार्रवाई में डौंडी थाना टीम की विशेष भूमिका रही।

### मोंहदीपाट में गुरु पूर्णिमा महापर्व महोत्सव आज

**डौंडीलोहारा।** जिले के ग्राम मोंहदीपाट अर्जुंदा में श्री राज राजेश्वर राधाकृष्ण सेवा संस्थान श्रीधाम खपरी लोधी (साजा) के संरक्षक पूज्य गुरुदेव महन्त भागवत व्यास पं. श्री राजेश तिवारी मानस किंकर के आशीर्वाद से आत्मज्ञान का पर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव दिनांक 10 जुलाई दिन गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः 9:00 बजे से जलसा यात्रा, 10:30 बजे स्वागत पादुका पूजन, 11:30 बजे हवन यज्ञ, 12:00 बजे श्रद्धांजलि अर्पण, 1:00 बजे गुरुवाणी मंत्र जाप, 2:30 बजे भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया है। जिसमें आयोजक गणों के द्वारा सभी सनातनियों को सपरिवार पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### महिला से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मुख्यालय के एक ग्राम से एक 23 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।पहले तो आरोपी युवक ने मोबाईल के माध्यम से महिला से जान पहचान बनाकर दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।फिर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।महिला ने पहले परिजनों को बताया फिर पुलिस में मामला दर्ज कराया।टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर आरोपी युवक गोपाल निषाद 25 वर्ष ग्राम परसाटोला जिला मानपुर मोहला को गिरफ्तार किया गया व दुष्कर्म के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

### चिन्हित अन्य फसलों पर भी मिलेगी आदान सहायता राशि

**बालोद।** उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए 'कृषक उन्नति योजना' प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने दलहन, तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। जो कृषक एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराये है उन्हीं कृषकों को कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना का लाभ हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक बोये गए फसलों का पंजीयन, संशोधन कराना आवश्यक है।

# ठेठवार समाज की बैठक में भावी योजनाओं के प्रस्ताव पारित कर प्रकरणों का किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ठेठवार यादव समाज बालोद राज के नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संपन्न हुआ। जिसमें भविष्य की कार्य योजना के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया।

ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में आयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के विग्रह की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। स्वागत भाषण में बालोद राज ठेठवार समाज के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव ने कहा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रत्येक मंडल में दो प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए कृष्ण जन्माष्टमी तथा अन्य पर्वों को सामूहिक रूप से मनाने की आवश्यकता है। कोषाध्यक्ष हेमंत यादव ने आय व्यय की जानकारी दी। महासचिव ऐलेंद्र यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए चर्चा के प्रमुख बिंदुओं को सभा में रखा। संरक्षक छगन लाल यादव ने सभी नये पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को समाज में उनकी भूमिका तथा दायित्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। सभा में विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सभागृह की नये सिरे से रंग रोगन एवं सजावट की जावेगी।

नियुक्त किए गए मंडल प्रभारी में सोरर मंडल– चंद्रेश यादव एवं राजेंद्र यादव, झुरहाटोला मंडल जीवन यादव, अरुण यादव, चिखलाकसा मंडल छंग्गू एवं अशोक यादव ▶▶| शेष पेज 13 पर

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तथा अन्य पर्वों को सामूहिक रूप से मनाने पर की चर्चा



### सामाजिक पत्रिका निकाली जाएगी

दीपावली तक ठेठवार समाज बालोद राज के विवाह योग्य युवक– युवतियों की जानकारी युक्त सामाजिक पत्रिका निकाला जाएगा। दिए गए प्रपत्र में पासपोर्ट फोटो सहित समस्त जानकारी भरकर ग्राम प्रमुखगण, बालोद राज के महासचिव ऐलेंद्र यादव के पास जमा करेंगे। इसी तरह पारिवारिक जनगणना हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी भरकर निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा। बैठक में तीन सामाजिक प्रकरणों का निराकरण समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित धमतरी राज के अध्यक्ष मुरारी यादव सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उनका स्वागत बालोद राज के उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव सहित सभी ने किया।

## खेती-किसानी

**साल्हे, सिघनवाही, कोकान, बोरगांव, चिखली, चिखलाकसा, बिटाल में कृषि कार्य पीक पर**

# रोपाई-मताई जोरों पर गांव में सन्नाटा खेत किसान और मजदूरों से गुलजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बरसात की पहली बौछार के साथ ही दल्लीराजहरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई ने जोर पकड़ लिया है। खेतों में अब हर ओर हरियाली की तैयारी जोरों पर है। किसान अपने परिवार और मजदूरों के साथ सुबह से देर शाम तक खेतों में पसीना बहा रहे हैं। जहां एक ओर मौसम ने साथ दिया है, वहीं दूसरी ओर किसानों में इस बार बेहतर उत्पादन की उम्मीदें भी साफ नजर आ रही हैं।

ग्राम साल्हे ,सिघनवाही, कोकान, बोरगांव, चिखली, चिखलाकसा,बिटाल जैसे इलाकों में धान की रोपाई कार्य तेज गति से चल रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार समय पर बारिश होने से खेतों की जुताई और बियासी में कोई खास दिक्कत नहीं आई है, जिससे रोपाई का कार्य समय पर हो सका। ग्रामीण अंचलों में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी एकजुट होकर मेहनत में जुटे हैं। यह दृश्य क्षेत्र की खेती प्रधान संस्कृति और सामूहिक श्रम की जीवंत मिसाल पेश कर रहा है।

### किसानों ने शासन से की मांग

हालांकि कुछ इलाकों में सिंचाई सुविधा की कमी, खाद-बीज की महंगाई और बाजार में समय पर न मिलने जैसी समस्याएं भी सामने आई हैं। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उन्हें समय पर खाद-बीज और तकनीकी सहायता मिले, ताकि इस सीजन में उन्हें बेहतर फसल मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो।

### कृषि विभाग की भूमिका अहम

कृषि विभाग द्वारा भी किसानों को प्रशिक्षण, बीज वितरण और तकनीकी जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर किसानों तक इन योजनाओं की जानकारी अब भी नहीं पहुंच सकी है। ऐसे में जरूरी है कि विभागीय अमला गांव-गांव पहुंचकर किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने सक्रिय भूमिका निभाए। धान रोपाई का यह मौसम न केवल कृषि की जीवनरेखा है, बल्कि किसान की उम्मीदों की भी बुनियाद है। यदि समय पर समर्थन और संसाधन मिलें, तो दल्लीराजहरा क्षेत्र के खेत न केवल लहलहा उठेंगे, बल्कि अन्नदाताओं के चेहरे भी मुस्कराएंगे। किसानों का पसीना ही देश का अन्न बनता है, और यही मेहनत खेतों को हरियाली से भर देती है।

# बारिश ने खोली नगर प्रशासन की पोल जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे हो रही लगातार तेज बारिश ने जिला मुख्यालय के पानी निकासी की समस्या की पोल खोल कर रख दी है, जिसमे कई जगहो में पानी जाम व जलभराव की स्थिति के कारण आम लोगो को मार्ग मे आने जाने मे समस्या का सामना करना पड़ रहा है।


पिछले वर्ष बारिश के दौरान जिला मुख्यालय के लोगों को जिन स्थानो पर जल भराव के कारण समस्या का सामना करना पड़ा था। वर्तमान मे अधिकांश उन्ही जगहो मे पुनः जलभराव की स्थिति देखने को मिल रही है, ऐसे मे शासन तो बदल गया लेकिन प्रशासन के रवैये मे कोई बदलाव नही आया, जिसके कारण आम जनता को पुरानी समस्याओ से इस वर्ष भी दो चार होना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के सबसे व्यस्तम जगहो में से एक नया बस स्टैण्ड मे पिछले वर्ष पानी जाम की स्थिति के कारण आम राहगिरो के साथ वाहन चालको को समस्या का सामना करना पड़ा था । लेकिन शासन बदलने पर इस स्थिति मे बदलाव की उम्मीद जनता को थी। परंतु प्रशासन द्वारा इस ओर समय पर उचित कदम नही उठाने के कारण वर्तमान मे पुनः नगर वासियो को पुरानी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# मत्स्याखेट प्रतिबंध को ठेंगा, बेखौफ मारी जा रही हैं मछलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ संरक्षण अवधि में भी नदियों और जलाशयों में बिछाया जा रहा जाल





विधायक प्रतिनिधि और जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रतिराम कोसमा ने भाजपा शासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा मत्स्य संरक्षण एवं प्रजनन को ध्यान में रखते हुए प्रति वर्ष लागू की जाने वाली मत्स्य आखेट (फिशिंग) प्रतिबंध अवधि के बावजूद दल्लीराजहरा सहित आस-पास के आदिवासी बाहुल्य विकासखंडों में अवैध रूप से मत्स्याखेट जमकर जारी है।रतिराम कोसमा ने कहा कि भाजपा शासन कहती कुछ है करती कुछ है उनके आदेश का पालन धरातल पर नहीं हो रहा है छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हर वर्ष जून से जुलाई माह तक मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए जलाशयों, नदियों व नालों में मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके पीछे मछली जातियों के संवर्धन, जैविक संतुलन की रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य है। किन्तु दल्लीराजहरा से लगे ग्रामीण अंचलों साल्हे सिघनवाही कोकान बोरगांव चिखली मंगलतरई व अन्य जलस्त्रोतों में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बिना रोक-टोक जाल डालकर, दवा और विस्फोटक तक का उपयोग कर मत्स्याखेट किया जा रहा है। इससे न केवल मछलियों की नस्ल पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि जलीय पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय मछुआरों व पर्यावरण प्रेमियों ने शासन-प्रशासन से कड़ी निगरानी एवं कार्रवाई की मांग की है ताकि प्रतिबंध अवधि का सख्ती से पालन हो और भविष्य में मछली पालन को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

### प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध गतिविधि पर अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मत्स्य विभाग की भूमिका भी केवल कागजी नजर आ रही है।

**विधायक संगीता सिन्हा ने आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल का किया निरीक्षण**

# बच्चों को पुस्तकें नहीं मिलीं प्रशासन की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले मे स्कूल खुले करीब एक माह होने को है लेकिन जिला मुख्यालय स्थित आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के बच्चो के साथ शिक्षको को कक्षा का पुस्तक नही मिल पाया है जिसके कारण बच्चो की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिसका खुलासा विधायक संगीता सिन्हा के औचक निरीक्षण के दौरान हुआ।

अपने दौरे के दौरान जिला मुख्यालय के जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी के बगल स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के बच्चो से मिलने पहुंची विधायक संगीता सिन्हा ने स्कूली बच्चो से भेंट कर उनका हाल चाल जाना इस दौरान उन्होने बच्चो से पढ़ाई के संबंध मे चर्चा की इस दौरान उन्हे पता चला कि अब तक बच्चो को पुस्तके उपलब्ध नही हो पाई है जिसके कारण बच्चो की पढ़ाई नही हो पा रही है वही इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा द्वारा जब इसके संबंध मे शिक्षको से चर्चा कर इसका कारण जानने की कोशिश की तो उन्हे और चौकाने वाला बात पता चला की वर्तमान मे स्वयं कई शिक्षको के पास ही बच्चो को पढ़ाने के लिए पुस्तके नही है। ऐसे मे विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा जहां पूर्व मे बच्चो की पढ़ाई को नजर अंदाज करते हुए युक्तियुक्त करण के तहत स्कूलो को बंद करने से लेकर स्कूलो के शिक्षको को कम करने का काम किया गया लेकिन अब स्कूलो मे पुस्तके समय पर नही पहुंच बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ करने का काम कर रही है।

## सब्जियों के दाम में 10 से 30 रुपए की वृद्धि, आमजनता परेशान

# लोकल आवक कम होने से सब्जियों के दाम आसमान में, बिगड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



शहर के प्रमुख सब्जी बाजारों में इन दिनों आमजन को महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। स्थानीय बाड़ियों से सब्जियों की आवक में अचानक आई कमी ने बाजार का संतुलन बिगाड़ दिया है। प्रतिदिन ताजी और सस्ती सब्जियों की आपूर्ति करने वाली स्थानीय बाड़ियाँ अब पर्याप्त मात्रा में सब्जियाँ नहीं दे पा रही हैं, जिससे सब्जी बाजारों में कई किस्म की सब्जियाँ या तो कम मात्रा में दिख रही हैं या उनके दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं।

टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला, टिंडा, अरवी, पत्ता गोभी, फूलगोभी जैसी रोज़मर्रा की सब्जियों के दाम में 10 से 30 प्रति किलो तक की बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। जहाँ एक ओर भिंडी 40 से बढ़कर 60 किलो तक पहुँच गई है, वहीं टमाटर ने 20 से 45 की छलांग मार दी है। आलू-प्याज जैसी बुनियादी सब्जियाँ भी अब सस्ती नहीं रहीं। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि इन दिनों मौसम में असमय बारिश और बढ़ते तापमान के चलते स्थानीय किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। इससे खेतों से सीधी सब्जी आपूर्ति में भारी गिरावट आई है। दूसरी ओर, बाहर से आने वाली सब्जियों पर परिवहन खर्च और बिचौलियों की भूमिका के चलते कीमतें और बढ़ गई हैं। दल्लीराजहरा के स्थानीय सब्जी विक्रेता रमेश साहू बताते हैं, हर दिन हमें जितनी सब्जी बाड़ी से मिलती थी, उसका आधा भी नहीं आ रहा। ऊपर से जो बाहर से माल मंगवा रहे हैं, उसमें भाड़ा ज्यादा लग रहा है। मजबूरी में महंगे दाम पर बेचना पड़ रहा है। इस स्थिति से आम उपभोक्ता खासा परेशान है। मध्यमवर्गीय और निम्न आयवर्ग के लोगों के लिए रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा है। गृहिणी सुनीता बाई कहती हैं, जो सब्जी हर दिन खा लेते थे, अब वही सोच-समझकर खरीदनी पड़ रही है। बजट से बाहर जा रहा है सब कुछ। वहीं, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मौसम की अनिश्चितता बनी रही और स्थानीय उत्पादन में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले हफ्तों में सब्जियों के दाम और चढ़ सकते हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि वे मंडियों पर नजर रखें और आवश्यक कदम उठाएं ताकि जनता को राहत मिल सके।

# सघन पौधारोपण अभियान के लिए अपर कलेक्टर ने बैठक ली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में 18 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण के संबंध में बैठक ली। बैठक में कौशिक ने सभी विभागीय अधिकारियों को सघन पौधारोपण अभियान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बालोद जिले में 18 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत एक साथ सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक में सघन पौधारोपण हेतु पौधों की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा पौधरोपण हेतु गड्ढा खोदकर रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर, जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण के अलावा विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे। बैठक में कौशिक ने बताया की 18 जुलाई 2025 को पूरे बालोद जिले में दो लाख पौधा जनभागीदारी के माध्यम से रोपित ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावितों के लिए वार्ड 55 में भवन का चयन

**दुर्ग।** शिवनाथ नदी स्थित रहवासियों से महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, शोएब अहमद के साथ शिवनाथ नदी ओवरब्रिज के पास रहने वालों से कहा कि शहर में लगातार हो रही बारिश एवं मोंगरा बैराग जलाशय से पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा जा रहा हैं। जिससे नदी के आस पास दुकान क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं बाढ़ एवं बारिश से प्रभावित लोगों के ठहरने के लिए निगम द्वारा वार्डों में स्थित समुदायिक एवं सांस्कृतिक भवनों का चयन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं बारिश से प्रभावित लोगों से चयनित स्थान में सुरक्षित पर आकर रहे।

### कवर्धा घटना का कर्मचारी फेडरेशन ने किया विरोध

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर दुर्ग जिले में भी कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री. गृह मंत्री व मुख्य सचिव के नाम विरोध ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार एवं अपमानजनक कृत्य के लिए उन्हें हटाने निष्पक्ष जांच की मांग की है। सौपने वालों मे फेडरेशन के राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे, प्रवक्ता अनुरूप साहू, प्रदीप चौहान, मनीष तिवारी, भानु प्रताप यादव आदि शामिल हैं।

### मृतक के परिजन को प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिषेक सिंह ने वाहन दुर्घटना में मृतक के परिजन को 2 लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। अजय बघेल निवासी कुन्दरापारा वार्ड 54 पोटियाकला नई बस्ती तहसील व जिला दुर्ग की विगत 19 फरवरी 2023 को पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग के पास अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना हिट एण्ड रन में घोर उपहति के कारण 20 फरवरी 2023 को मृत्यु की पुष्टि की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने मृतक अजय बघेल की विधिक प्रतिनिधि उनकी पत्नी राधिका बघेल को पूर्व में 25 हजार तथा 1 अप्रैल 2022 प्रतिकर राशि संशोधन उपरांत 1 लाख 75 हजार की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है।

### उद्योग भवन में उप पंजीयक कार्यालय की होगी शिफ्टिंग

**दुर्ग।** उप पंजीयक कार्यालय में मॉडल ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण इस कार्यालय को अस्थायी रूप से सीएसआईडीसी परिसर के प्रथम तल जीई रोड दुर्ग में स्थानांतरित किया गया है। जिला पंजीयक सुश्री प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि जिला पंजीयक कार्यालय एवं नकल सर्च पुराने भवन में ही संचालित होगा।

### महापौर नीरज ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

**भिलाई।** निगम क्षेत्र में निरंतर बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित न हो एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू सुबह 8 बजे से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किए। जुनवानी रोड स्थित एम.जे.कालेज समीपस्थ बड़ा नाला, इंदु आई.टी. स्कूल के सामने नाला, वार्ड क्रं. 14 शांति नगर एवं वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन सुपेला के मोहल्लो में छोटे नालो का निरीक्षण किया गया।

# पुलगांव नाला की जलकुंभी इंटकवेल में फंसने से पेयजल आपूर्ति में हुआ असर

## महापौर ने निरीक्षण कर स्थाई हल के लिए वैकल्पिक प्लान बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विगत दो दिनों से लगातार हो रही है बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं और शिवनाथ नदी में आई बाढ़ व पुलगांव नाला का जलस्तर बढ़ने से नाले में जमे जलकुंभी व झिल्ली पन्नी नदी इंटकवेल में फंस रही है। इसका असर अब पेयजल सप्लाई में भी होने लगी है, किंतु निगम के जलगृह विभाग द्वारा कर्मचारी लगाकर संप में फंस रहे कचरे को लगातार साफ कराई जा रही है।

वही जानकारी मिलने पर नगर निगम महापौरअलका बाघमार ने शिवनाथ नदी का निरीक्षण करने पहुंची और नाले किनारे स्थापित 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में हर वर्ष बरसात के दिनों में नाले के कचरे फंसने के कारण पेयजल प्रभावित होने से रोकने वैकल्पिक प्लान बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

इस दौरान जलगृह विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, महिला बाल विकास प्रभारी शशि साहू, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, डॉ देवनारायण तांडी, पार्षद गोविंद देवांगन, जल विभाग अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।



### मोगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

लगातार बारिश व मोगरा बैराज से पचास हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से शिवनाथ नदी माहमरा एनीकेट में तीन फीट से अधिक पानी चढ़ गया है और इधर पुलगांव नाला में भी जल स्तर बढ़ने से उसमें जमे गाद के साथ जलकुंभी व कचरा बहकर शिवनाथ नदी के किनारे स्थित नगर निगम के 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में बार-बार फंस रही है, जिसे साफ करने कर्मचारी लगातार मशक्कत कर रहे है किंतु इसका सीधा असर अब शहर में जलापूर्ति पर हो रही है क्योंकि संप का मोटर पम्प बार बार बंद होने से फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचने में दिक्कत होने लगी है। यह समस्या अक्सर बरसात के दिनों में होती है इसे देखते हुए महापौर अलका बाघमार ने बरसो पहले नाला किनारे बनाए गए इंटकवेल को नदी के प्रवाह क्षेत्र में स्थापित करने वैकल्पिक प्रस्ताव के लिए प्लान बनाने निर्देश दिए हैं। वहीं शहर की जनता से उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने की दृष्टि से बरसात के दिनों में पानी उबाल कर पीने की अपील की है ।

## ननि आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को लिखा पत्र

# पटेल चौक, जीई रोड पर यात्री बसों की अवैध पार्किंग, अब परमिट होंगे निरस्त

### बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों से बढ़ा दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर की प्रमुख सड़कों और व्यस्ततम मार्गों पर यात्री बसों की पार्किंग से ट्रैफिक जाम की समस्या खड़ी हो गई है। इसे लेकर लगातार शिकायत के बाद भी बस संचालक इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। इसके कारण पटेल चौक के पास दवे पेट्रोल पंप किनारे, जीई रोड, बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के सामने, मालवीय नगर चौक, रविशंकर स्टेडियम मार्ग, पुलगांव नाला, महेश कॉलोनी सड़क सहित अन्य जगहों पर यात्री बसों को बेतरतीब ढंग से खड़े आसानी से देखा जा सकता है। इसे लेकर निगम ने अब कार्रवाई की तैयारी की है।

दुर्ग निगम ने आरटीओ को पत्र लिखकर ऐसी बसों के संचालकों को नोटिस जारी करने अन्यथा परमिट निरस्त करने की प्रक्रिया करने की सिफारिश की है। बता दें कि शहर के विस्तार के साथ ही यात्री बसों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग में दुर्ग रोडवेज और पटेल चौक स्थित पायल ट्रैवल्स की बसें बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती हैं। दोनों ही जगहों पर डिपो है। बावजूद इसके वाहनों को सड़क पर खड़े कर दिया जाता है, जिससे परेशानी बढ़.जााती है। बढ़ती ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए सात साल पहले शहर में नए बस स्टैंड की कवायद भी शुरू की गई थी। पोटिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के करीब नए बस स्टैंड की कार्ययोजना बनाई गई थी। वहीं एक और नया बस स्टैंड अंजोरा-नेहरूनगर बायपास रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए सिटी बस के वर्तमान डिपो में तैयार किया जाना था, लेकिन दोनों ही जगहों पर बस स्टैंड का काम शुरू ही नहीं हो पाया।



#### दो नए बस स्टैंड की कार्ययोजना, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं

जानकारी के मुताबिक बाहर से आने वाली यात्री बसों के लिए निगम ने दो नए बस स्टैंड बनाने की तैयारी की थी। ताकि इन बसों को शहर के अंदर प्रवेश की जरुरत न हो। इसमें नागपुर, जबलपुर, अमरावती, पुणे, बनारस, सरगुजा, अंबिकापुर जैसे मार्गों की बसों को ठहरने की व्यवस्था दी जाने की योजना थी। इसे लेकर तैयारी भी निगम ने शुरू कर दी गई थी। निगम के तरफ से नजूल विभाग से पोटिया में करीब 35 एकड़ व ट्रांसपोर्ट नगर के करीब 22 एकड़ की जगह के लिए पत्र व्यवहार भी किया। शहर में तीन बस स्टैंड हो जाने से रहवासियों को भी सुविधा की बात कही, लेकिन योजना की फाइल आगे ही नहीं बढ़ी। सिटी बसों का परिचालन बंद हो गया, जिस वजह से ट्रांसपोर्ट नगर स्टैंड की योजना ठप पड़ गई।

#### लोकल बसों का परिचालन वर्तमान बस स्टैंड से ही किया जा रहा

दोनों जगहों के लिए निगम के तरफ से करीब 6-6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड व बायपास के करीब ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सिटी बस डिपो में बस स्टैंड विकसित किया जाएगा। इसके अलावा लोकल यात्री बसों का परिचालन वर्तमान में संचालित बस स्टैंड से ही होगी। इसे लेकर पिछले दिनों सड़क यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था। वर्तमान में दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव के अलावा लंबी दूरी की सारी बसों का ठहराव नया बस स्टैंड में ही हो रहा है। इस वजह से बसों का दबाव बना हुआ है।

#### आयुक्त ने बेतरतीब खड़े होने वाली बसों की जानकारी आरटीओ को दी

शहर के मुख्य मार्गों में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास, राजेन्द्र पार्क चौक के पास, मानस भवन के पास तथा गंजपारा से शिवनाथ नदी रोड में कुछ बस संचालकों द्वारा अघोषित रूप से बस पार्किंग बना लिया गया है, जिसके कारण यातायात बाधित होता है। बसों के खड़े रहने के कारण अन्य वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही नियमित रूप से उन बसों की धुलाई, साफ सफाई इत्यादि भी उनके द्वारा की जाती है, जिससे गंदगी व कचरा उत्पन्न हो रहा है। पूर्व मे अनेक बार बस संचालकों को समझाईश दी जा चुकी है। जुर्माना भी लगाया गया है, किन्तु कोई असर नहीं हो रहा है। नियमित रूप से अघोषित पार्किंग बनाकर मुख्य मार्गों मे बस खड़ी की जा रही है। दुर्ग नगर पालिका निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पत्राचार करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि उक्त बस संचालकों के बसों के परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की तैयारी की है।

# संविधान रैली में शामिल हुए दुर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित जय किसान, जय जवान और जय संविधान रैली में दुर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ता पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में अलग-अलग समूहों में मंगलवार की सुबह रायपुर के लिए रवाना हुए।बाकलीवाल ने कहा कि रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, किसानों के अधिकारों, जवानों के सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए एक सशक्त जनसंदेश बनकर उभरी। भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, गांधी पुतला, बस स्टैंड, पद्मनाभपुर, शहीद चौक सहित अन्य जगहों पर एकत्रित हुए, जहां से वाहनों में बैठकर वे रायपुर के लिए रवाना हुआ। रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभा को संबोधित किया। दुर्ग से शामिल कार्यकर्ताओं में दुर्ग निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रेमलता साहू, दीपक साहू, अल्ताफ अहमद, ज्ञानदास बंजारे, भोला महोबिया, मनीष बघेल, मंदीप भाटिया, सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद, गौरव उमरे, आयुष शर्मा, चिराग शर्मा, भास्कर कुंडले, पोषण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### रामदेव बाबा दरबार में 10 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**दुर्ग ।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे गुरुदेव जी की महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा गुरुदेव के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। यह समस्त धार्मिक कार्यक्रम गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किए गए है। श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन व पायल जैन द्वारा श्रद्धालुओं से समस्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक में चिन्हित भूमि पर पौधरोपण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की गति में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में एजेंडावार इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन एवं गठन संबंधी नोटिफिकेशन को शाला के सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराने, जिले के सभी स्कूलों को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ पोर्टल में लिंक के माध्यम से पंजीयन कराने, पोर्टल पर विद्यालय का पंजीयन पश्चात फोटो अपलोड कराने तथा शाला परिसर में स्थान की कमी होने की स्थिति में समुदाय एवं पंचायत के साथ मिलकर सड़क के दोनों किनारों पर छायादार पौधे लगाने, पंचायत द्वारा इस अभियान के लिए तय की गयी भूमि, बाग-बगीचे, तालाब के किनारे, नगर वन क्षेत्र, स्मार्ट सिटी योजना, ग्रीनबेल्ट, जल संधारण हेतु निर्धारित क्षेत्र, अमृत सरोवर, नहर के किनारों पर वृक्षारोपण एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल, तीर्थ स्थल आदि में वृक्षारोपण पर चर्चा की गई।

अभियान हेतु सभी विभागों से सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आवश्यक सहयोग करने की अपेक्षा की गई हैए ताकि यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकें। विभागों से अपेक्षित सहयोग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्यालयों के समीप खाली शासकीय भूमि का चिन्हांकन सहित पोषण वाटिका की स्थापना एवं बच्चों को पौधे के संरक्षण हेतु प्रेरित करना है।

# गुरु पूर्णिमा पर श्री साई मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- भजन गायक अंकित तिवारी देंगे भजन की प्रस्तुति

सिविल लाईन कसारीडीह स्थित श्री साईबाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व 10 जुलाई को श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 7 बजे श्री साई बाबा का महाभिषेक, आरती, हवन-पूजन पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह समस्त धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पंडित कैलाश चंद्र तिवारी के सानिध्य में संपन्न होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर मंदिर में दोपहर से देर रात तक भजनों की धूम मचेगी। साई महिला भजन मंडली द्वारा दोपहर 3 बजे भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। संध्या 7 बजे श्री साई बाबा के आरती उपरांत भजन सम्राट अंकित तिवारी एवं साथी भजनों की की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। श्री साई बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं सचिव चंदेल ने समस्त धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# घरों में लगे कूलर व टायरों में डेंगू के लार्वा की जांच शुरू, मेयर ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- मच्छरदानी लगाकर सोने की दी सलाह

डेंगू के रोकथाम को लेकर मेयर अलका बाघमार ने मुहिम तेज की है। इस संदर्भ में वार्ड 55 पुलगांव बस्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद देवनारायण तांडी, गोविंद देवांगन, पार्षद अश्वनी निषाद के साथ घरों व दुकानों में लगे कूलर एवं दुकानों पर रखे टायरों की जांच कर लोगों से घर या आस पास पानी जमा न होने देने की अपील की।



साथ ही नागरिकों से मिलकर उन्हें घर के गमलों, टंकियों इत्यादि में पानी न जमा होने देने को लेकर जागरूक किया एवं घरों में टायर, कूलर इत्यादि को सुखाकर हटाए जाने को लेकर अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू के लार्वा का प्रसार स्वच्छ ठहरे हुए जल एवं बारिश के जल भराव वाले क्षेत्रों में होता है। जिससे बचाव के लिए लोगों के बीच जनजागरूकता के साथ ही स्वच्छता विभाग की ओर से सफाई व्यवस्था बनाये रखने की आवश्यकता होती है।

निरीक्षण के दौरान मेयर श्रीमती बाघमार ने नालियों में ऑयल छिडक़ाव, केमिकल छिडक़ाव, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी।

## संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने जिले के निकायों की ली समीक्षा बैठक

# जलभराव की स्थिति पर रखें नजर, वाटर हार्वेस्टिंग पर हो काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- राहत कैंप के लिए स्थान का चयन करने के निर्देश

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकायों में बारिश से उत्पन्न जल भराव की स्थिति पर अधिकारी नजर रखें। आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए राहत कैंप के लिए स्थान चयन कर लिया जाये। नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई 03-चरोदा और रिसाली अंतर्गत बनाए गए अटल आवास, नये आवास में आवश्यक व्यवस्था कर लोगों को शिफ्ट कराए।

उन्होंने कहा कि वर्षा की पानी को संरक्षित रखने सभी शासकीय कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्राथमिकता के साथ बनाई जाये। जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिकारी बारिश के मौसम में विभागों को प्राप्त लक्ष्य के मुताबिक वृक्षारोपण भी करायें। उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को जिले में वन की प्रतिशत बढ़ाने कारगर पहल कर जिले को वनाच्छादित बनाने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम छोटे, बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण करायें। पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, सीएमजेएसवाय सड़कों के किनारे वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाये। धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों के बाउंड्री में भी पौधरोपण किया जाये।

### मौसमी बीमारी के लिए दवाईयों की उपलब्धता हो

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि नये कानून के तहत जेल परिसर, जिला अस्पताल, तहसील एवं एसडीएम ऑफिस में वीडियो कांफ्रेंसिंग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। वर्षा जनित मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी प्रकार की आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। पीएचई विभाग द्वारा सभी हैण्डपम्पों का क्लोरीनेशन किया जाये। शासकीय मद से निर्मित भवनों का सदुपयोग हो, निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों को संबंधित विभागों को हैंडओवर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन झलकना चाहिए।



### कलेक्टर ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों के विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों को विलोपित करने अधिकारी फाइल प्रस्तुत करें। शासन के निर्देशानुसार कार्यालयों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध विभाग द्वारा कार्यवाही की जाये। स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन हेतु स्कूलों में आधार शिविर लगाई जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लखपति दीदी अंतर्गत हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, श्रम एवं ग्रामोद्योग विभाग दिये गये लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। उन्होंने राशन कार्डों की ईकेवायसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अधिकारी-कर्मचारियों की सेवानिवृत्त पश्चात लंबित पेंशन प्रकरणों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अवगत कराया कि शासन के मंशा अनुरूप जिले में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाना है। सभी विभागों के नोडल अधिकारी उन्हें उपलब्ध करायी गई मेल आईडी चेक कर लेवें। कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम के लिए नये कम्प्यूटर आदि विभागीय बजट से खरीदी की जाये। बजट के अभाव में जिला कार्यालय को अवगत करायी जाये ताकि प्रस्ताव शासन को प्रेरित किया जा सकें।

# 10 को गुरु पूर्णिमा, बेलौदी आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में गुरु भक्तों द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव शिवनाथ नदी के पावन तट पर स्थित संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में 10 जुलाई को मनाया जाएगा।

इसकी तैयारी 15 दिन पहले से जारी है। यह पर्व श्रद्धा आस्था और कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे हरि ओम गुंजन, प्रार्थना, पंच गव्य पान, सुबह 8.30 बजे बापू की स्थाई उत्तम स्वास्थ्य के लिए सामूहिक हवन, सुबह 9.30 बजे गुरुवन्दना, आसारामायण पाठ, गुरुअष्टकम। संघ ने बताया कि सुबह 10.30 ग्राम चिखली से भजन कीर्तन करते हुए श्री गुरु चरण पादुका यात्रा निकाली जायेगी।

सुबह 11.35 पादुका पूजन, मानस पूजन, दोपहर 12.10 पूज्य श्री का वीडियो सत्संग, भजन, कीर्तन तत्पश्चात महाआरती, भोजन प्रसादी दी जाएगी। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड किया। रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला कर मोबाइल, नगदी रुपए लूटकर फरार होने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि न्यू खुर्सीपार सिंधी मोहल्ला निवासी राजकुमार जैन साइकिल से भिलाई तीन एकता नगर जा रहा था। शाम को डबरा पारा चौक के आगे सर्विस रोड डबरा पारा के अक्षय कुमार अपने दोस्त दुर्गेश इसे रोक कर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। रुपए नहीं देने पर गाली गलौज कर पीड़ित के जेब से 2500 रुपए, मोबाइल लूटकर चाकू से हमला कर फरार हो गया। पीड़ित ने परिजनों को दूसरे के मोबाइल से कॉल कर घटना की सूचना दी। तब पीड़ित को उपचार के लिए निजी अस्पताल खुर्सीपार में दाखिल कराया गया। डबरा पारा आरोपी अक्षय कुमार भारतीय उर्फ अक्षय पासी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को आरोपी का दोस्त रानीतराई निवासी दुर्गेश यादव के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपी दुर्गेश की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में भिलाई तीन टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### श्रम विरोधी है केंद्र की नीतिः सीटू

**भिलाई।** सीटू यूनियन ने जारी बयान में कहा है हड़ताल को सफल बनाने के लिए यूनियनों द्वारा पोस्टर, पम्पलेट, मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से हड़ताल के प्रमुख मुद्दों को हर मजदूर तक पहुंचाया गया है । यह संघर्ष ऐसा है जिसमें हर एक को अपने हिस्से की लड़ाई स्वयं लड़ी जानी है अन्यथा केंद्र सरकार निरंकुश तरीके से ना केवल श्रम कानून को खत्म कर देगा बल्कि श्रमिक वर्ग को गुलाम बनाने वाली नीतियों को लागू कर देगा।

# झमाझम वर्षा से टाउनशिप हुई पानी-पानी, बीएसपी क्वार्टरों व बाजारों में जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते पटरी पार इलाके के साथ टाउनशिप भी पानी पानी हो गई। लगातार बरसात से जनजीवन अस्त - व्यस्त हो गया और रहवासियों की मुश्किलें बढ़ गईं। जगह, जगह जलजमाव के साथ बीएसपी कर्मियों के आवासों में सीपेज की समस्या से लोग परेशान रहे।

सोमवार देर शाम से शुरु हुई वर्षा मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे तक होती रही। झमाझम बारिश से सेक्टरी इलाके में सड़कों के किनारे अंदरुनी क्षेत्रों और बाजारों आदि में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। इससे व्यवसायियों के साथ रहवासियों को भी परेशानी हुई। बीएसपी स्कूलों के मैदानों, हेल्थ सेंटरों और इस्पात क्लबों के परिसर और कई मार्केटों में जगह जगह पानी जमा हो गया। सेक्टर 6 अंडरब्रिज पुराना स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल व सेक्टर 4 स्कूल और सेक्टर 6 सड़क 23 आदि के खेल मैदानों में आधा फीट पानी भर गया। बारिश से सेक्टर 6 ए, सी और सेक्टर 10 जोनल मार्केट में भी जगह जगह पानी भर जाने से आवाजाही में दिक्कतें हुई। सबसे ज्यादा परेशानी तिमंजिला क्वार्टरों व ट्यूबलर व बोरिया क्वार्टरों के रहवासियों को हुई। सेक्टर 6, 7 और सेक्टर 4 व 8 आदि सेक्टरों के आवासों में बैकलेन की सफाई नहीं होने से पीछे और सामने दरवाजे से घरों में पानी घुस गया। महिलाएं, बच्चे व बड़े रापा व बाल्टी आदि से पानी निकालते देखे गए। रहवासियों ने बताया कि हर साल चार पांच घंटे की बारिश होने पर ऐसी ही समस्या से जूझना पड़ता है। अब तक बीएसपी से कोई राहत नहीं मिली है।

## सड़कों के किनारे व खेल मैदानों में भरा पानी





### सीपेज की बढ़ी समस्या

लगातार बरसात से बीएसपी कर्मियों के आवासों में सीपेज की समस्या बढ़ गई । सेक्टर 1, 3, सेक्टर 4, सेक्टर 6 व 7 आदि सेक्टरों के कई तिमंजिला क्वार्टरों छतों और दीवारों से पानी टपकने के साथ सीलन की समस्या से लोग परेशान दिखे। रहवासियों ने बताया कि शिकायत के बाद भी बीएसपी द्वारा मकानों का न तो मेंटेनेंस ही कराया जा रहा है और न ही बारिश पूर्व डामरशीट ही लगवाई गई है। सीपेज से घर में रखे अनाज, राशन, कपड़े और बच्चों की कापी किताबें भीग गए।

## निरीक्षण

### बेटियों के हाथों में किताबें और आंखों में उजाला, वनांचल में शिक्षा को मिली नई उड़ान

# तरेगांव जंगल में गूंजा शिक्षा का संदेश, बेटियों के हाथों में किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल की हरियाली आज शिक्षा के उजाले से और भी हरी-भरी हो गई, जब कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस सुदूरवर्ती अंचल में संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को राज्य शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया।

शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और कहा कि बच्चों के हाथों में किताबें होना केवल ज्ञान का प्रतीक नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ठोस बुनियाद है। और जब बेटियां शिक्षित होती हैं, तो वे दो कुलों को शिक्षित करती हैं। यह केवल एक लड़की का सशक्तिकरण नहीं, बल्कि एक पूरे समाज का जागरण है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब हम इनका लाभ अंतिम छोर तक बैठे बच्चे तक पहुँचाएं। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे एक सामान्य बच्चा भी असाधारण लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य शासन की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की धारा है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के जागरूक नागरिकों से आह्वान किया कि बेटी पढ़ेगी तभी समाज बढ़ेगा। यह अभियान केवल पोस्टर या नारा नहीं, बल्कि जनचेतना का हिस्सा बनना चाहिए। हमें गांव-गांव, घर-घर जाकर यह विश्वास जगाना है कि हर बेटी को शिक्षा का अधिकार और अवसर दोनों मिले। कलेक्टर ने विशेष रूप से वनांचल की बेटियों से बात करते हुए उन्हें आत्मविश्वास और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने बताया कि जिले में 150 शासकीय हाई स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें कक्षा 9वीं में 13,585 विद्यार्थी तथा कक्षा 10वीं में 10,215 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य शासन से इन सभी विद्यार्थियों के लिए समस्त पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं, जिन्हें स्थानीय प्राचार्यों के माध्यम से नियमित रूप से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र के आरंभ के साथ ही पुस्तकें उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने त्वरित पहल की है।



### कलेक्टर ने पाठ्य पुस्तक की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मौके पर ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुस्तकों के वितरण की सघन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा या बच्ची पुस्तक वितरण से वंचित न रहे। यदि कहीं कोई बाधा या कमी हो, तो उसकी त्वरित जानकारी जिला मुख्यालय तक पहुँचे और तत्काल निराकरण हो। उन्होंने कहा कि वनांचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है।

# बीएसपी पंप हाउस में टीम वर्क से जलापूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप में सोमवार को पेयजल आपूर्ति करने वाले मरोदा पम्पहाउस में अचानक एक पम्प के एनआरबी का टॉप कवर अचानक फट गया था। पूरे भिलाई टाउनशिप और संयंत्र के कुछ हिस्सों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। बीएसपी कर्मियों ने टीम वर्क से 13 घंटे के अल्प समय में व्यवस्था को दुरूस्त कर जलआपूर्ति को सामान्य बना दिया।

जल प्रबंधन विभाग और बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के पीएचई अनुभाग ने फटे पंप से बहने वाले पानी को रोकने का प्रयास किया। इसी के साथ सभी वरिष्ठ अधिकारियों, फायर ब्रिगेड, नगर सेवाएं विभाग और सभी संबंधित एजेंसियों को सर्तक किया। जीएम जेपी सिंह की डब्ल्यूटीपी, मरोदा, इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस और एचएमई की टीम ने युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ किया। जल प्रबंधन विभाग के जीएम ए बनर्जी, किशोर बुडा, संजय पांडेय, एजीएम वीएस राय, एचएमई के महाप्रबंधक आरके पंडा, उप प्रबंधक अतुल भारडे, उप प्रबंध नरेन्द्र राव पंप हाउस में भरे पानी से अन्य पंपों को क्षति न पहुंचे, इसके लिए दोनों पंपों को बंद किया, विद्युत आपूर्ति बंद की गई और अग्निषमन सेवा विभाग की मदद से भरे हुए पंप हाउस के पानी को निकाला गया। लगातार 13 घंटे से अधिक कार्य करते हुए इस समर्पित टीम ने पहले लगभग 4 बजे एक पंप को चालू करके देखा और रात दस बजे तक सभी तीनों पंपों को चालू करके स्थिति को सामान्य बनाने में अहम भूमिका निभाई।

■ 13 घंटे नगर सेवा की टीम मेंटेनेंस में जुटी रही

इसके साथ ही संयंत्र के पंप हाउस से सप्लाई किए जाने वाले पेयजल की आपूर्ति का दायित्व नगर सेवा विभाग के पीएचई अनुभाग के कंधे पर रहता है। ब्रेकडाउन की सूचना के साथ ही नगर सेवा विभाग को भी तत्काल जानकारी दी गई। नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ) श्री वी.के. पाठक व श्री ए.बी. श्रीनिवास, उप महाप्रबंधक डी.सी. सिंह, एजीएम वीके भोंडेकर व पीएल साहू, सहित सभी कार्मिकों ने योजनाबद्ध तरीके से प्रयास शुरू कर दिया। ब्रेकडाउन से सीधे पाइपलाइन से आपूर्ति की जाने वाली क्षेत्रों में पानी बंद हो गया । जहां जरूरी था वहां टैंकरों से भी जल पहुंचाया गया। सभी विभागों के आपसी समन्वय से इस ब्रेकडाउन को मात्र 13 घंटे में रात्रि 9.30 बजे तक दुरूस्त कर लिया गया और रात बजे तक तीनों पंप चालू करवाने में सफलता दिलाई। जेएलएन चिकित्सालय के ओवरहेड टैंक को सामान्य किया गया। बाद अन्य सेक्टरों में स्थित ओवरहेड टैंकों में जल भरकर मंगलवार की सुबह से नियमित जल आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# धान की रोपाई कार्य से किसानों को अनेक लाभ खरीफ फसल की तैयारी जोर-शोर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

कबीरधाम जिले के अंतर्गत ग्राम दौजरी में खरीफ फसल धान का रोपाई एक सप्ताह से लगातार चल रहा है। बारिश के चलते धान की रोपाई कार्य मजदूर और किसान तेज रफ्तार से कर रहे हैं ताकि समय पर परिपक्व होकर तैयार हो सके वही किसान विकाश कुमार ने बताया कि धान रोपण से मुख्यतः किसानों को विभिन्न प्रकार के लाभ मिलता है जैसे पानी की बचत, खरपतवार में नियंत्रण, अधिक फसल पैदावार होने का दावा किया। और साथ ही साथ फसल में खाद की मात्रा में गणना करने में सहायता मिलती हैं इसलिए धान की रोपाई कार्य को सर्वश्रेष्ठ उत्तम माना जाता है, क्योंकि जिले के सभी किसान रोपाई कार्य में जुटे हुए हैं।



# 74 बच्चों का एडमिशन बहाल करने आप ने सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को आईटीआई विंग प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह भिलाई नगर विधानसभा प्रभारी दुर्ग लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह प्रदेश सचिव के ज्योति के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरटीई के तहत प्रवेश निरस्त 74 बच्चों के एडमिशन बहाल करने की मांग की गई है। उनका कहना है कि हाईकोर्ट में मामला चल रहा है। उसके बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन ने पालकों को बच्चों को स्कूल ना भेजने के लिए पत्र जारी कर दिया तथा टीसी ले जाने का भी निवेदन किया है। जब तक मामला उच्च न्यायालय में लंबित है तब तक इन बच्चों को शिक्षा से वंचित न किया जाए। हाई कोर्ट के आदेश के बाद जो भी निर्णय होगा वह मान्य होगा। शिक्षा विभाग अपनी तकनीकी गड़बड़ी को पालकों पर थोप रहा है शिक्षा विभाग ने पोर्टल में छेड़छाड़ की जाने का उल्लेख किया है। अगर पोर्टल में छेड़छाड़ हुई है तो उसकी सूक्ष्म स्तर पर जांच हो। जबकि पोर्टल में छेड़छाड़ करना किसी आम आदमी की बस की बात नहीं है। शिक्षा का व्यवसायीकारण उच्च स्तर पर पहुंच सके क्योंकि निजी स्कूलों की फीस को नियंत्रित करने में शिक्षा विभाग असफल रहा निजी स्कूल स्कूल प्रबंधन पालकों से कापी, पुस्तक, ड्रेस, जूता ,तक अपने द्वारा तय दुकानों से खरीदवाता है निजी स्कूलों की इस मनमानी को शिक्षा विभाग आज तक रोक नहीं पाया।



# कवि सुरेन्द्र को बीएसपी बिरादरी ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र के मिनी असेंबली हॉल में कवि पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेन्द्र दुबे को 'काव्यांजलि' का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और संदीप माथुर थे।

■ राजभाषा विभाग ने किया काव्यांजलि का आयोजन

पवन कुमार ने कहा कि कवि स्व. दुबे ने अपनी कविताओं से हँसाया भी और कई बार चिंतन-मनन करने पर मजबूर भी किया। सामाजिक चेतना की दिशा में भी उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

कलाकार अपनी कृतियों के रूप में सदैव जीवित रहते हैं, कला बिरादरी के बीच और अपने प्रशंसकों के हृदय में हमेशा-हमेशा के लिए अमर होते हैं। आज पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेन्द्र दुबे भौतिक रूप में हमारे बीच भले ही नहीं हैं किंतु उनकी स्मृतियाँ सदैव हमारे साथ रहेंगी और अपनी रचनाओं के माध्यम से वे सदैव ही हमारे बीच रहेंगे। श्री प्रियदर्शी ने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सदैव ही आम जन के हृदय को छुआ। उनकी भाषा एवं शैली हमेशा ही ज़मीन से जुड़ी होती थी।

संयंत्रकर्मी कवि गजराज दास महंत, किशोर कुमार तिवारी तथा बलराम चन्द्राकर ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण व जीएम यूएस परगनिहा, संजय द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव, प्रशांत तिवारी, ज़ेवियर बेक, मुकुल सहारिया, डीजीएम यशवंत साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## पेज 11 के शेष

### ठेठवार समाज की बैठक में भावी ...

नेवारीकला मंडल हिम्मत यादव, राकेश यादव, कनेरी मंडल रूद्रेश एवं सनत यादव, बालोद मंडल जयप्रकाश एवं आत्माराम यादव, तरौद मंडल एलेंद्र एवं हेमंत यादव, सोरली मंडल शिवभजन एवं रोमलाल यादव, अर्जुंदा मंडल बलदेव एवं सचिन यादव, लाटाबोड़ मडल नंदकिशोर यादव एवं पवन यादव, कोचवाही मंडल छगन यादव एवं ताम्रध्वज यादव, मटिया मंडल नरेंद्र यादव एवं अवधेश यादव, दल्ली राजहरा मंडल महेश्वर यादव एवं जगदीश यादव है। यह समस्त जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दिया। इस अवसर पर रामस्वरूप यादव, अशोक यादव, खेमलाल यादव, द्वारिका यादव, रामेश्वर यादव, जनक यादव,सह सचिव सचिन यादव, उप कोषाध्यक्ष बृजेश यादव, उत्तम कुमार यादव, नेवारीकला मंडल अध्यक्ष महिपाल यादव, अर्जुंदा मंडल अध्यक्ष नेमलाल यादव, मंडल अध्यक्ष दल्ली राजहरा महेश यादव, कनेरी मंडल अध्यक्ष बंशीलाल यादव, कोचवाही कौशल यादव, नुपेंद्र यादव, उमेश यादव झुरहटोला अध्यक्ष, बृजेश यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बारिश ने खोली नगर ...

समस्यओ से दो चार होना पड़ रहा है। जिसके तहत जिला मुख्यालय के नया बस स्टैंड पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गया है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। शिक्षक कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, शिकारी पारा के गली–मोहल्लों में भी पानी जाम की स्थिति देखने को मिली।

नगर वासियो का कहना है कि हर साल जलभराव की स्थिति जिला मुख्यालय के कई जगहो में देखने को मिलती है। लेकिन प्रशासन द्वारा उसका स्थायी समाधान नही निकाला जाता जिसके कारण से नगर वासियो को हर वर्ष ऐसी ही समस्या का सामना करना पड़ता है। जल भराव की स्थति के कारण बिमारियों के साथ मच्छर और अन्य कीड़े मकोड़ो का डर लगातार बना रहता है, जिसके कारण बिमारियां के फैलने व जहरीले कीड़े मकोड़े के काटने व घरो में घुसने का डर नगरवासियो में बना है।

### सघन पौधारोपण अभियान ...

किया जाना है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ आम जनता को प्र—कति से जोड़ना है।

वृहद वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत एसडीएम रामकुमार सोनकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने सभी सरपंच, सचिवों को पौधरोपण हेतु स्थल चयन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रोपित पौधे की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने को कहा। इसके लिए जन सहभागिता को बढ़ाने की बात कही गई।

## शिकायत के बाद भी व्यवस्था नहीं बदली, संधारण का काम करने वाला भी है गायब

# भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में मोटर संधारण नहीं, चार वार्ड के लोग प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा के चार वार्डो के लोग भरी बारिश में भी पेयजल के लिए तरस रहे है। लाखों रुपए से बने टंकी से एक समय की पानी की सप्लाई की जा रही है। इसे लेकर कई बार वार्ड के लोग निगम का चक्कर काटने को मजबूर हो रहें है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 16 बाजार चौक, वार्ड 8 माहमाया पारा, वार्ड 10 शांतिपारा ,शीतला पारा 9 में पेयजल को लेकर काफी समस्या है। इसे लेकर वार्ड के पार्षद भी वार्ड का चक्कर लगाने को मजबूर हो रहें है। पानी टंकी भरने के लिए लगे मोटर पंप करीब काफी दिनों से खराब है। इस कारण टंकी से एक समय तक की पानी की सप्लाई हो रही है। नूतन चौक पर स्थित पानी टंकी से उक्त वार्डो में पानी की सप्लाई हो रही है। रात भर मोटर चालू कर पानी भरा जाता है जिसे सुबह वार्डो में सप्लाई की जाती है। टंकी में अभी फिलहाल एक ही मोटर से काम चल रहा है। इसमें दो मोटर लगा है एक मोटर खराब है। दोनों ही मोटर से भूजल स्त्रोत का पानी टंकियों में भरा जाता है। नल में पानी नहीं आने से क्षेत्र के लोग टैंकरों और हैंड पंपों पर निर्भर रहते हैं। मानसून लगने के बाद भी पेयजल की समस्या अब भी बनी हुई है। भिलाई-चरोदा निगम में संधारण का काम पूरी तरह बंद होने से प्रभावित लोग हैंड पंपों पर निर्बर रहते है। जिनके यहां हैंड पंप नहीं उन्हें सार्वजनिक और पड़ोस के निजी हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है। मोटर, वार्ड के मोटरों तक का संधारण नहीं होने से पेयजल की समस्या अब भी बनी हुई है। निगम के अधिकारी जनता व पार्षदों को सिर्फ अश्वासन देकर काम चला रहें है।



### बोरिंग तक का संधारण नहीं

भिलाई-चरोदा निगम के 40 वार्ड के अधिकांश जगहों पर मोटर, बोरिंग, नलों तक का संधारण का काम अटका हुआ है। कई जगहों पर नल की टोटी तक टूटू हुई है। उसका भी आज तक संधारण नहीं हो पाया है। वार्डो के मूलभूत सुविधा तक को शहर सरकार जनता को उपलब्ध नहीं करा पा रही है। वार्ड के लाइटो तक का भी संधारण नहीं हो पा रहा है। इसके कारण वार्डो में अंधेरा छाया रहता है।

### मानसून में भी पेयजल संकट



"वार्डो में पेयजल संकट है। संधारण का काम अब तक नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी किया गया है।मानसून लगने के बाद भी जवता पेयजल समस्या से जूझ रही है।

**राम खिलावन वर्मा,** नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

### संधारण तक नहीं



"निगम महापौर निर्मल कोसरे कांग्रेस की शहर सरकार का पद संभाले हुए है। विकास कार्यो में पूरी तरह फेल है। विभिन्न वार्डों में पेयजल समस्या बनी हुई है। नूतन चौक के पानी टंकी से चार वार्डो में सप्लाई होता है। मोटर खराब होने से संधारण तक नहीं कराया गया। दिक्कत बनी हुई है।

**राजेन्द्र सोनी,** पूर्व पार्षद नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

### जल्द संधारण के लिए कहा



"मोटर का संधारण नहीं होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे लेकर निगम अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द संधारण किया जाना है। जल्द वार्ड के लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी।

**कुसुम विपिन चंद्राकर,** पार्षद नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

# ग्रामीण बैंक के निजीकरण के विरोध में सांसद को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** ग्रामीण बैंकों के हित में दुर्ग सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा गया। निजीकरण के विरोध में दिल्ली प्रदर्शन हेतु समर्थन देने का आश्वासन दिया गया। अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ द्वारा ग्रामीण बैंकों के निजीकरण एवं आईपीओ की प्रक्रिया के विरोध में देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक रिक्वायर्स संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एस. वेंकटेश्वर रेड्डी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से भेंट की तथा उन्हें केन्द्रीय वित्त मंत्री को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने, आईपीओ की प्रक्रिया को रोकने और शीर्ष स्तर पर राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की मांग को लेकर दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आरआरबीएस का प्रदर्शन आज उल्लेखनीय है – 13.40 लाख करोड़ का कुल कारोबार, 7148 करोड़ का वार्षिक लाभ और 90 प्रतिशत ऋण प्राथमिक क्षेत्र को दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### क्रिप्टो करेंसी का झांसा देकर 62.78 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** फर्जी वाटस्टअप और टेलीग्राम ग्रुप बनाकर क्रिप्टो करेंसी में लाभ का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पद्मनाभपुर निवासी डॉ. बसंत वर्मा के मोबाइल पर आरोपियों ने वाट्सएप, टेलीग्राम के माध्यम से फरवरी 2024 से अप्रेल 2024 के बीच क्रिप्टो करेंसी में लाभ दिलाने का झांसा देकर बैंक खातो में पीड़ित से 62 लाख 78 हजार 187 रुपए का ठगी किया। पता चला कि आरोपी साहिल कुमार के एसबीआई खाता में 14 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर होना पाया गया। उसकी आरोपी को लेकर टीम पंजाब रवाना हुई, सायबर सेल की मदद से जिला मंशा थाना शार्दुलगढ़ से दो आरोपी साहिल कुमार और राकेश कुमार को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड पर भिलाई लाया गया है। आरोपियो से पूछताछ करने पर बताया कि प्रकरण में संदीप यादव आलू का थोक व्यवसाय का काम करता है। गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रची कि क्रिप्टो करेंसी में लाभ का झांसा देकर ठगी किया। आरोपी संदीप यादव दोनो पैरो से दिव्यांक होने से आरोपी को नोटिस देकर न्यायालय में उपस्थित होने की हिदायत दिया।

### लावारिस मिली गैंगस्टर दीपक नेपाली की लग्जरी कार

**भिलाई ।** गैंगस्टर फरार आरोपी दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली जिस कार को चलवाया करता था। लावारिस हालत में पेट्रोल पंप में मिली है। पुलिस ने कार को जब्त कर थाने लेकर आई है। एएसपी एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि टाउन पेट्रोलिंग के दौरान गौरव पथ स्थित पेट्रोल पंप में ऑडी वाहन डी.एल-1 सी.एस 6642,पजेरो वाहन डीएल 1 सी.क्यु 1303 लावारिस हालत में खड़ी थी। वाहन को लेकर पेट्रोल पंप वालो से पूछताछ करने पर बताया गया कि शुभम यादव उक्त वाहनो में डीजल डलवाता है, जो संभवतः फरार है। पुलिस दीपक नेपाली से कार को संबंध को लेकर जांच कर रही है। गौरतलब हो कि गैंगस्टर दीपक नेपाली घटना के बाद से फरार चल रहा है। इसके पकड़ने व सूचना देने वालों को पुलिस नगद तीन हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा भी किया है। इसके अलावा दीपक नेपाली का पोस्टर जगह-जगह चिपकाया गया है। गैंगस्टर दीक नेपाली पुलिस पकड़ से बाहर है। जिसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है. इसके अलावा इसके परिजनों के भी संपत्ति का ब्यौरा पुलिस ले रही है। जल्द इसके खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन देखने को मिलेगा।

## निधन

### बिंझवारिन साहू

**बालोद/निकुम।** ग्राम गोड़ेला



निवासी बिंझवारिन साहू (90) का निधन हो गया, उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गोड़ेला में किया गया। वह ग्राम के वरिष्ठ ग्रामीण नकुल साहू, नारद साहू व व्याख्याता पुनीत राम साहू की माता थी व अर्जुन साहू, बालू साहू, दिनेश साहू, डागेंद्र साहू छोटू की दादी थी।

**शिविर : धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन**

# बगदई और भरीटोला के शिविरों में ग्रामीणों को जाति, जाब व आयुष्मान कार्डों की सौंगत मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बगदई एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भरएँटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभन्वित किया गया। आज आयोजित शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आय, जाति प्रमाण पत्र आदि की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में तृप्ति, सीमा साहू, अनिता, जयंत्री, रेखा बाई, दानेश्वरी, पुष्पांजलि,





डिकेश्वरी, भुवनेश्वरी और जयंती बाई को राशन कार्ड से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा सुकल राम, पार्वती, नरोत्तम, मोतिराम, तेजराम, रामचंद, तेजूराम एवं चौतूराम को मुख्यमंत्री पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह दानेश्वरी, शांति देवी, हेमलता, हमिता, अनिता का मनरेगा जॉब कार्ड एवं जयंत, यामिनी, नरेन्द्र, कुणाल, भूषण एवं रंजना का आय, जाति प्रमाण पत्र बनाया गया।

#### लाभान्वित ग्रामीण

उल्लेखनीय है कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बगदई में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 02 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 10 हितग्राहियों का राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों का मनरेगा जॉब गार्ड तथा 06 हितग्राहियों का आय एवं जाति निवासी प्रमाण पत्र बनाया गया। इसके अलावा 08 हितग्राहियों को पेशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भरएँटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 09 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार 10 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव में शिविर का आयोजन किया गया है।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर पालिका अध्यक्ष से चर्चा कर समस्याओं के समाधान की मांग की




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चेंबर ऑफ कॉमर्स बालोद द्वारा नगर की विभिन्न मूलभूत समस्याओ को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी से मिलकर चर्चा की। इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स बालोद ईकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश सांखला के नेतृत्व मे चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी से मुलाकात कर वर्तमान बारिश के दौरान नगर के विभिन्न जगहो मे जलभराव सहित अन्य समस्याओ पर बात रखी। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से नए बस स्टैण्ड मे जलराव की गंभीर समस्या और नगर के भीतरी मार्गो पर बने गड्डो को लेकर चिंता जताई। बरसात के दौरान व्यापारियो और आमजन को हो रही परेशानी को गंभीरता से उठाया गया।

इस दौरान जैन संघ अध्यक्ष ताराचंद सांखला, संतोश पाढ़ी, हेमराज जज्ञासी, चेतन ढेलड़िया, सुन्नू साहू, मांगीलाल जैन, श्रवण टावरी, राजू सांखला सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।


## गुरु पूर्णिमा अछोली में मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम अछोली में गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया, इस पावन अवसर पर कबीर ज्ञान मन्दिर अछोली में संत श्री रामशरण साहेब जी के सानिध्य मे सेंनचुवा से पधारे विजय साहेब, फरदफोड से महंत केवल दास साहेब, खुरसुल से महंत संत राम साहेब, अछोली से महंत वामन दास साहेब, सिरपुर् से महंत रामदास साहेब, दीवान राजू साहेब, भूपत साहेब, हीरादास साहेब, ऐनक दास साहेब, हरीश साहेब, डॉ रोशन साहू, डॉ शिव कुमार साहू, डॉ लोकेश साहू, खुबलाल साहू , प्रमोद साहू, लवन दास साहू, फुलेल दास जी, चमन दास जी, डालू राम साहू, नोमेश साहू, निर्मल रावटे, भंडारी जी, अजीत राम जी, आलीखुंटा से किशोरी उर्वसा, केशव साहू एवं ग्रामीणों संत जनों का भारी संख्या में उपस्थिति रहा एवं अमीन माता महिला मंडल श्रीमती आहिल्या मानिकपूरी, लछनी मानिकपुरी, यमुना साहू , पुष्प लता साहू ,मीना बाई रावटे, वाणी साहू, डेमिंन साहू, प्रभा साहू, श्रीमती शकुन साहू, सरिता साहू, महेक मानिकपूरी आदि ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। उक्त जानकारी सद्गुरु कबीर नवयुवक मंडल के सर्वराकार डॉ रोशन लाल साहू ने दी।

## आवासीय प्रयास विद्यालय में दो बच्चों का हुआ चयन



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से दो बच्चों का चयन आवासीय प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है, तुलिका रावटे पिता पोषण लाल रावटे, और भानुप्रताप पिता बिरेन्द कुमार ने प्रयास प्रवेश परीक्षा में चयन होकर अपने माता-पिता, शाला और गांव का नाम रोशन किये हैं। इसके लिए प्रधान पाठक सी एस ठाकुर, के मंडावी, एस के साहू तथा शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष धनेश देशमुख, बिरेन इस्दा और सरपंच भावना जयेश जैन ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित किया।

### गुरु पूर्णिमा पर गुण्डरदेही में आध्यात्मिक आयोजन आज

**गुण्डरदेही।** योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरी एवं मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। जिसके साथ में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सीताराम साहू श्याम, साहित्यकार केशव राम साहू भी उपस्थित रहेंगे। गुरु पूर्णिमा उत्सव सनातन धर्मावलंबियों के लिए आस्था का बड़ा पर्व है, गुरु के माध्यम से गोविंद तक पहुंचाने का रास्ता तय होता है। विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरी में गायत्री महायज्ञ एवं मानव कल्याण आश्रम बघमरा में दो दिवसीय अस्तित्व दर्शन आवासीय शिविर का आयोजन है। जिसमें चिंतक, तत्व विवेचक, संत महात्माओं का आगमन होगा।

## युक्तिकरण के बाद तत्काल ज्वाइनिंग अनिवार्य लापरवाही करने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शिक्षा विभाग ने युक्तिकरण प्रक्रिया के बाद स्थानांतरित शिक्षकों के लिए एक सख्त और स्पष्ट निर्देश जारी किया है। जिसकी जानकारी शिक्षा विभाग के माध्यम से ही प्राप्त हुई है। जिन शिक्षकों को युक्तिकरण के तहत नई पदस्थापना मिली है, उन्हें निश्चित समय-सीमा के भीतर नए स्कूल में अनिवार्य रूप से जॉइन करना होगा। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनका वेतन रोका जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

शिक्षा विभाग के अनुसार के इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य यह है कि शैक्षणिक सत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर कोई प्रभाव न पड़े। बीते वर्षों में देखा गया कि युक्तिकरण के बाद कुछ शिक्षक जानबूझकर जॉइनिंग में देर करते हैं, जिससे स्कूलों में शिक्षकों की कमी



बनी रहती है। इस प्रकार की लापरवाही को शिक्षा विभाग गंभीरता से ले रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार, सभी डीईओ, बीईओ सहित जिला और संकुल स्तर के अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि युक्तिकरण में स्थानांतरित शिक्षक तत्काल रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। समय पर पदभार न ग्रहण करने वालों के नाम शासन को भेजे जाएंगे और उनके विरुद्ध वेतन रोके जाने के साथ अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाइयां की जाएंगी। शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि समय पर जॉइनिंग देने वाले शिक्षकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उनकी सेवा सुचारु रूप से चलती रहेगी। शासन की मंशा है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और विद्यालयों में शिक्षक समय पर उपलब्ध रहें। यह फरमान शिक्षकों के लिए एक सख्त चेतावनी भी है और साथ ही एक अवसर भी कि वे समयबद्ध ढंग से कार्यभार ग्रहण कर अपने कर्तव्यों का पालन करें।

# झमाझम बारिश से कई इलाके जलमग्न, जनजीवन बिखरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मंगलवार और बुधवार की झमाझम बारिश ने दल्लीराजहरा टाउनशिप की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। बीएसपी कॉलोनी, बाजार क्षेत्र और मुख्य सड़कों पर भारी

- पहली ही बारिश में दल्लीराजहरा डूबा, टाउनशिप, बाजार बने तालाब, बीएसपी व नगर पालिका की खुली पोल

जलभराव हो गया, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई क्वार्टरों में पानी घुस गया और घरों का फर्श तक भींग गया। वहीं वायरमार्क 10 ,12, 15 21, 26, 27 निचली बस्तियों में तो हालात और भी खराब रहे - घरों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। दल्लीराजहरा शहर में बारिश के चलते जगह-जगह जलनिकासी




की अव्यवस्था सामने आई। जहां एक ओर बीएसपी प्रशासन ने अब तक नालों की सफाई नहीं करवाई, वहीं नगर पालिका की उदासीनता भी साफ नजर आई। बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने पानी भरने से व्यापारी खासे परेशान दिखे। दल्लीराजहरा के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी जिम्मेदारों ने पूर्व तैयारियां नहीं की। नतीजतन पहली ही तेज बारिश ने टाउनशिप को बेहाल कर दिया। पानी निकलने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने से लोगों को घंटों पानी में फंसे रहना पड़ा। दल्लीराजहरा की शहर की जनता ने बीएसपी और नगर पालिका प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने और स्थायी जलनिकासी सिस्टम विकसित करने की मांग की है, ताकि आगामी बारिश में उन्हें राहत मिल सके। पहली बारिश ही प्रशासनिक दावों पर भारी पड़ी है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में हालात और भी बदतर हो सकते हैं।



### अंचल में लगातार 4 दिनों से बरसात से बिगड़ी दिनचर्या



**गुण्डरदेही।** क्षेत्र मे चार दिन की लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित हो गया है, वही ग्राम पंचायत खपरी ब के गली मे दो फीट पानी भर जाने से पानी घरो मे घुस गया है, गली के दोनो ओर नाली नही होने के कारण ग्रामीण कैलाश, रोहित, बाह्य, बारातू, प्यारेलाल के घर मे गली का पानी घुस गया है, ग्रामीणो ने पंचायत से गली के दोनो ओर नाली निर्माण कि मांग की है।



## मोमेंटो व श्रीफल भेंटकर शिक्षक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पीपरखार में 17 वर्षो तक सेवा देने वाले शिक्षक बीरबल सिंह देशमुख को संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह में श्रीफल, शाल व मोमेंटो भेंट कर सम्मान व विदाई दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक माधव साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि बीरबल देशमुख सर शुरू से ही संघर्षशील व अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे देशमुख का शास.मा. शाला मुड़खुसरा में स्थानांतरण होने पर सम्मान कर नाहन्दा संकुल स्तरीय विदाई दिया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक अंजुलता राजपूत, वेशकुमारी चौधरी, नीता गौर, तुलेश्वर दास, राजेन्द्र प्रजापति, आरतीदास मानिकपुरी, कुसुमकली देवांगन, संकुल समन्वयक नरेन्द्र कौशिक, शिक्षक शंकर लाल यादव, खिलेश्वर गंजीर, चक्रधर साहू,जितेश कश्यप, विभा साहू,ज्योति सोनबरसा ,अंजनी जंघेल, नरेंद्र ठाकुर, युगेश्वरी देवांगन उपस्थित रहे।

# स्केटिंग ट्रैक व मिनी स्टेडियम दुकानों की नीलामी को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में स्केटिंग ट्रैक निर्माण, उद्यानों का रखरखाव, रेन वाटर

- खुर्सीपार वार्ड 51 से शराब दुकान हटाने का प्रस्ताव निरस्त

हार्वेस्टिंग निर्माण निविदा, खुर्सीपार मिनी स्टेडियम की दुकानों की नीलामी के प्रस्ताव सहित 7 एजेंडे को मंजूरी दे दी गई है। एक एजेंडा आबकारी विभाग दुर्ग के मांग पर जोन 04, वार्ड - 51 स्थित मिनी स्टेडियम के भूतल में विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खुर्सीपार को स्थानांतरित किये जाने का प्रकरण रखा गया था जिसे महापौर परिषद् द्वारा निरस्त किया गया।

### सरकारी स्कूल के 150 से ज्यादा बच्चों को पाठ्य सामग्रियों का वितरण

**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला धनोरा के 150 बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। ओजस महिला समाज सेवा समिति ने समाजसेवी रजनी विजय बघेल के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया। स्कूल के बच्चों ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। कविता-कहानी की प्रस्तुति दी। समिति ने कक्षा पांचवीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम वेदिका यादव 90%, द्वितीय डिंपल साहू 89.5% ,तृतीय कुणाल साहू 89% ।को गिफ़्ट देकर सम्मानित किया। शासकीय प्राथमिक शाला धनोरा प्रधान पाठक अंबिका सॉन्ग का समिति द्वारा शाल व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के स्टाफ में संकुल समन्वयक सुमन प्रधान, सहायक शिक्षक चंचल मानकर, भारती देवांगन, कांति सोनवानी, पायल साहू ने समिति सदस्यों का स्वागत किया। अधिकारियों ने प्रतिदिन पढ़ाई करने की नसीहत दी। संस्कृति वर्मा ने हम होंगे कामयाब... हम होंगे कामयाब... गीत सुनाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
7400558800

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-73544-11411